गुरुवार
09 फरवरी, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक



अवैध संबंध और ब्लैकमेल करने में की गई कबाड़ कारोबारी की हत्या 2

बिहार कैबिनेट की बैठक में 18 एजेंडों पर लगी मुहर

राज्य में 7360 कंप्यूटर शिक्षक होंगे नियुक्त

- दरभंगा जलापूर्ति योजना के लिए 128 करोड़ 55 लाख रुपए की दी गई स्वीकृति
- डेहरी ऑन सोन में व्यवहार न्यायालय निर्माण के लिए 33 करोड़ 85 लाख स्वीकृत
- राजकीय आयुर्वेदिक, यूनानी एवं होम्योपैथिक कॉलेजों में संविदा पर भरे जाएंगे रिक्त पद



बुधवार को पटना म्यूजियम के विस्तारीकरण तथा उन्नयनीकरण कार्य का जायजा लेते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

केटी न्यूज/पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 18 एजेंडों पर मुहर लगी है। सरकार ने राज्य के माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में प्रति विद्यालय एक कंप्यूटर शिक्षक की दर से 7360 नए कंप्यूटर शिक्षक बहाल करने का निर्णय लिया है।

गोपालगंज के भोरे में एक नए बिजली सब स्टेशन, संचरण लाइन एवं हथुआ ग्रिड सब स्टेशन में दो लाइन बे निर्माण के लिए 123 करोड़ 83 लाख रुपये की योजना की स्वीकृति दी गई है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा एनआईडीजेएम प्रतियोगिता आयोजन के लिए 6 करोड़ रुपए अग्रिम स्वीकृति दी गई है। वाणिज्य कर विभाग द्वारा पेशाकर में की गई कटौती से संचित 75 करोड़ की राशि को बिहार के नगर निकायों के बीच जनसंख्या के आधार पर व्यय करने की स्वीकृति दी गई है। पटना मेट्रो रेल परियोजना के स्टेशन निर्माण एवं एलाइनमेंट के लिए राज्य सरकार की भूमि को नगर विकास एवं आवास विभाग को स्कूल का हस्तांतरण किया गया है। दरभंगा जलापूर्ति योजना के अंतर्गत 35 वार्डों में पूर्ण आच्छादित करने के लिए 128 करोड़ 55 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। खगड़िया में जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास निर्माण के लिए बिहार राज्य पुल निर्माण निगम से पुनरीक्षित प्राक्कलन 6 करोड़ 71 लाख की स्वीकृति दी गई है।

- गोपालगंज के भोरे में एक नए बिजली सब स्टेशन, संचरण लाइन एवं हथुआ ग्रिड सब स्टेशन में दो लाइन निर्माण के लिए 123 करोड़ 83 लाख रुपये की योजना की स्वीकृति

जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए दी गई जमीन

बिहार कास्ट तथा वन्य उत्पादन अभिवहन-विनियमन संशोधन नियमावली 2023 की स्वीकृति दी गई है। खगड़िया में चौथम अंचल में कुल 7.115 एकड़ पथ निर्माण विभाग की भूमि को जवाहर नवोदय विद्यालय खगड़िया की स्थापना के लिए नवोदय विद्यालय समिति शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार को निशुल्क हस्तांतरित किया गया है। राजकीय आयुर्वेदिक, यूनानी एवं होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालयों में अध्यापक एवं प्राध्यापक के रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर नियोजन की स्वीकृति दी गई है। बिहार के सरकारी इंजीनियरिंग व पॉलिटेक्निक कॉलेजों के शिक्षकों को गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के तहत पीएचडी एवं एमटेक में नामांकन के लिए अनुमति एवं अवकाश की स्वीकृति दी गई है।

डेहरी ऑन सोन में व्यवहार न्यायालय निर्माण के लिए 33 करोड़ 85 लाख 83000 की स्वीकृति दी गई है।

पटना म्यूजियम के विस्तारीकरण कार्य का लिया जायजा

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पटना म्यूजियम के विस्तारीकरण तथा उन्नयनीकरण कार्य का जायजा लिया। भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मैप के माध्यम से साइट प्लान की जानकारी दी। उन्होंने एग्जिस्टिंग बिल्डिंग और निर्माण किए जा रहे भवनों की भी जानकारी दी। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की सचिव बंदना प्रेयसी ने पटना म्यूजियम में प्रदर्श योजना के संबंध में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने ऑडिटोरियम, पाथ-वे, गंगा गैलरी, पाटली गैलरी आदि के निर्माण कार्य को देखा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पटना म्यूजियम का विस्तारीकरण और उन्नयनीकरण का कार्य जल्द से जल्द पूरा करें। कार्य पूर्ण होने के बाद पटना म्यूजियम भी अंतरराष्ट्रीय स्तर का होगा। इसके बन जाने के बाद बिहार के गौरवशाली इतिहास को नई पीढ़ी और बेहतर ढंग से जानेगी और समझेगी। पटना म्यूजियम और बिहार म्यूजियम को आपस में इंटरकनेक्ट किया जा रहा है ताकि जो भी लोग यहां पर आएंगे वे दोनों संग्रहालय जाकर वहां के प्रदर्शों को आसानी से देख सकते हैं और कई जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं।

एजेंसी/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा पर जवाब दिया। उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मैं देख रहा था कल। कुछ लोगों के भाषण के बाद उनके समर्थक उछल रहे थे। वे खुश होकर कहने लगे कि ये हुई ना बात। शायद नींद भी अच्छी आई होगी। शायद आज उठ भी नहीं पाए होंगे। ऐसे लोगों के लिए बहुत अच्छे ढंग से कहा गया है- ये कह कहकर हम दिल को बहला रहे हैं, वो अब चल चुके हैं, वो अब आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब राष्ट्रपति जी का अभिभाषण हो रहा था, तब कुछ लोग कन्नी भी काट गए। एक बड़े नेता तो राष्ट्रपति जी का अपमान भी कर चुके हैं। कहा कि जब राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा सुन रहा था, तब लगा कि बहुत सी बातों को मौन रहकर स्वीकार किया गया है। राष्ट्रपति जी के भाषण पर किसी को एतराज नहीं है या आलोचना नहीं है।

उन्होंने कहा कि भारत में नई संभावनाएं हैं। कइयों को यह बात समझने में देर लग जाएगी, लेकिन भारत सप्लाई चेन के मामले में



आगे बढ़ गया है। भारत मैन्यूफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित हो रहा है। दुनिया भारत की समृद्धि में अपनी समृद्धि देख रही है। निराशा में डूबे हुए कुछ लोग इस देश की प्रगति को स्वीकार ही नहीं कर पा रहे। 140 करोड़ देशवासियों के पुरुषार्थ और परिश्रम उपलब्धि उन्हें नजर नहीं आ रही। पिछले नौ वर्ष में भारत में 90 हजार स्टार्टअप आए हैं। आज स्टार्टअप के मामले में हम दुनिया में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। बहुत बड़ा स्टार्टअप ईकोसिस्टम देश की टियर-3 शहरों तक पहुंच चुका है। इतने कम समय में और कोरोना के विकट कालखंड में 108 यूनिकॉर्न बने। एक यूनिकॉर्न यानी छह-सात हजार करोड़ से ज्यादा का मूल्य। आज भारत दुनिया में मोबाइल बनाने में दूसरा बड़ा देश बन गया है। घरेलू विमान यात्रियों के मामले में हम दुनिया में तीसरे नंबर पर हैं।

प्रधानमंत्री ने पिछली यूपीए सरकार को दिखाया आइना

उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 के बीच देश की अर्थव्यवस्था खस्ताहाल हो गई थी, महंगाई डबल डिजिट रही। आजादी के इतिहास में वह सबसे ज्यादा घोटालों का दशक रहा। यूपीए के वही दस साल में कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत के हर कोने में आतंकी हमलों का सिलसिला चलता रहा। दस साल में जम्मू-कश्मीर से पूर्वोत्तर तक हिंसा ही हिंसा थी। भारत की आवाज ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर इतनी कमजोर थी कि दुनिया सुनने को तैयार नहीं थी। ये 2जी में फंसे रहे। जब असैन्य परमाणु करार हुआ, तब ये वोट के बदले नोट में फंसे रहे। 2010 में राष्ट्रमंडल खेल हुए। इसमें भी घोटाले हुए।

कांग्रेस की बर्बादी पर बड़ी-बड़ी यूनिवर्सिटी में होगा अध्ययन

पीएम मोदी ने कहा कि हमने नौ साल का समय देखा है। उनके दिवालियापन को देखा है। रचनात्मक आलोचना की जगह मजबूरी में आलोचना करने की प्रवृत्ति ने ले ली है। कई लोगों ने उनके सुर में अपने सुर मिला लिए। इससे तो एक मंच पर आए नहीं, लेकिन इन लोगों को ईडी का धन्यवाद देना चाहिए कि ईडी ने ही इन लोगों को एक मंच पर ला दिया है। जो काम देश के मतदाता नहीं कर पाए, वह ईडी ने कर दिया। मैंने कई बार सुना है। यहां कुछ लोगों को हार्वर्ड का बड़ा क्रेज है। कोरोनाकाल में ऐसा ही कहा गया था और कांग्रेस ने कहा था कि भारत की बबार्दी पर हॉर्वर्ड में केस स्टडी होगी। और फिर कल सदन में हॉर्वर्ड यूनिवर्सिटी में स्टडी की बात हुई, लेकिन बीते वर्षों में वहां एक बहुत बढ़िया और महत्वपूर्ण स्टडी हुई। उसका विषय था- द राइज एंड डिक्लाइन ऑफ इंडियाज कांग्रेस पार्टी। मुझे विश्वास है कि भविष्य में कांग्रेस की बबार्दी पर हॉर्वर्ड नहीं, बड़े-बड़े विश्वविद्यालयों में अध्ययन होना ही होना है और कांग्रेस को डुबाने वाले लोगों पर भी अध्ययन होने वाला है।

औरंगाबाद में माओवादियों ने सांसद सुशील सिंह व पूर्व विधायक की हत्या की दी धमकी

केटी न्यूज/औरंगाबाद

औरंगाबाद जिले के गोह और बदेया थाना क्षेत्र के कई गांव में माओवादियों ने बुधवार को पोस्टर चिपका कर औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह और गोह के पूर्व विधायक रणविजय कुमार की हत्या करने की धमकी दी है। पोस्टर गोह थाना क्षेत्र के पेमा और डिहुरी गांव में चिपकाया गया है और बदेया थाना क्षेत्र के महरी और जैतीया गांव में चिपकाया गया है। पोस्टर की सूचना मिलने पर पुलिस महकमे में सनसनी फैल गई है। वहीं, पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

'माओवादी का विरोध झेलना पड़ेगा': चिपकाए गए पोस्टर कम्युनिस्ट पार्टी माओवादी के हवाले से लिखा गया है। इस पोस्टर में लिखा है कि सांसद सुशील कुमार सिंह जब अपने क्षेत्र में नहर नहीं लाएंगे तब तक क्षेत्र में घूमने पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी आपको प्रतिबंधित करती है। यदि आप आदेश नहीं मानेंगे तो माओवादी का विरोध झेलना पड़ेगा। इसके अलावा गोह के पूर्व विधायक रणविजय कुमार को धमकी दी गई है कि पिसाय के सुशील पांडे की जिस तरह से हत्या की गई थी उसी तरह आपको भी भुगतना पड़ेगा। साथ ही गोह जेडीयू कार्यालय और पूर्व विधायक को उड़ाने की भी धमकी दी गई है। इसके बाद से इलाके में दहशत का माहौल हो गया है।

पहले भी दी गई है धमकी: बता दें कि इससे पहले भी पूर्व विधायक रणविजय को नक्सलियों ने कई बार पोस्टर चिपका कर हत्या की धमकी दी है। सरकार ने पूर्व विधायक और उनके गांव की सुरक्षा को लेकर बदेया में थाना स्थापित किया है।

आरा में तीन निजी क्लीनिकों पर आयकर टीम का छापा

केटी न्यूज/आरा

आयकर में चोरी को लेकर इनकम टैक्स विभाग एक्शन मोड में है। टीम के तरफ से लगातार छापेमारी कर टैक्स चोरों के खिलाफ एक्शन लिया जा रहा है। इस बीच ताजा मामला आरा जिले का है, जहां आयकर विभाग की टीम ने निजी क्लीनिकों पर छापा मारा है। जानकारी के मुताबिक, इनकम टैक्स विभाग की टीम ने आरा के कौशल्या समय हॉस्पिटल और अन्य दो डॉक्टर रश्मि सिंह और अजित सिंह के क्लीनिक पर रेड मारा है। आयकर की टीम ने हॉस्पिटल प्रबंधक से पूछताछ की है। आईटी की छापेमारी के लिए पहुंची टीम में 8 लोग हैं। इनकम टैक्स के अफसर उदवंतनगर के जीरो माइल पर स्थित कौशल्या समय हॉस्पिटल पर छापेमारी की है। मालूम हो कि, इससे पहले आरा में पहले जेडीयू एमएलसी के यहां रेड पड़ी। बताया जा रहा है कि डॉक्टर पति-पत्नी और एमएलसी के यहां रेड पड़ने से शहर के बाकी उद्योगपतियों और व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

मुख्यमंत्री ने बिहार स्टार्टअप बी-हब का किया उद्घाटन

केटी न्यूज/पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को मौर्यालोक के पांचवें तल स्थित ए ब्लॉक में बिहार स्टार्टअप बी-हब का शिलापट्ट अनावरण एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने स्टार्टअप उद्यमियों से बातचीत की और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उद्योग विभाग के प्रधान सचिव संदीप पौन्ड्रिक ने मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पॉलिसी के तहत 10 वर्षों के लिए 10 लाख रुपये तक की ब्याज रहित सीड फर्निंग की व्यवस्था की गई है। महिलाओं द्वारा प्रारंभ स्टार्टअप को 5 प्रतिशत, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तथा दिव्यांगों के स्टार्टअप को 15 प्रतिशत अधिक राशि सीड फंड के रूप में देने का प्रावधान किया गया है। कार्यक्रम में 28 नये स्टार्टअप को सीड फंड तथा एक स्टार्टअप को मैचिंग लोन कुल 1.78 करोड़ रुपये दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने गोरूरल फूड्स एंड बेवरीजेज प्राइवेट लिमिटेड को 38 लाख 80 हजार 835 रुपये का, यूनिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट एलएलपी को 5 लाख रुपये का सांकेतिक चेक सौंपा।



10 फरवरी को लखनऊ में होनेवाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर जोर-शोर से चल रही तैयारियां

यूपी में 22 लाख करोड़ से अधिक के निवेश का प्रस्ताव

एजेंसी/लखनऊ

यूपी में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। 10 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वृंदावन कॉलोनी स्थित डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करेंगे। 3 दिन तक चलने वाली इस समिट के लिए अब तक 22 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव आ चुके हैं। इस समिट में देश विदेश से कई निवेशक शामिल होंगे।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए जो इनॉग्रल हॉल तैयार किया गया है वहां एक साथ 10,000 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। ये हाल लगभग 10800 स्क्वायर मीटर में तैयार हुआ



है। जिसकी चौड़ाई 60 मीटर और लंबाई 180 मीटर है। इस हॉल में वीवीआइपी के लिए करीब 56 सोफे लगाए जाएंगे। इसके बाद डेलिगेट्स के बैठने के लिए तीन अलग-अलग श्रेणी गोल्ड, सिल्वर और रेड बनाई गईं हैं। वीवीआइपी के पीछे गोल्ड केटेगरी होगी जिसमें करीब 1600 डेलिगेट्स के बैठने की व्यवस्था होगी। इसके बाद सिल्वर कैटेगरी में करीब 2800 और रेड में करीब 5000 लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है।

इनॉग्रल हॉल के बाहर बनेगी सैंड आर्ट

इनॉग्रल हॉल के बाहर एक सैंड आर्ट तैयार की जा रही है। इस पर भव्य राम मंदिर का मॉडल, ओडीओपी प्रोडक्ट, जी-20 का लोगो, मेट्रो समेत उत्तर प्रदेश की अन्य खासियत की झलक देखने को मिलेगी. पीएम मोदी सबसे पहले प्रदर्शनी स्थल पर जाएंगे। यहां कुल 11 हॉल तैयार किए गए हैं। खास बात ये है कि इन हॉल का नाम अलग-अलग नदियों के नाम पर रखा गया है, जैसे गंगा, यमुना, सरयू, राप्ती, सोन। इन हॉल में अलग-अलग विभागों की प्रदर्शनी के साथ ही अन्य देशों के स्टॉल भी होंगे। विभागों की प्रदर्शनी की बात करें तो यहां एचएएल, प्रदेश के अलग-अलग विकास प्राधिकरण समेत अन्य विभागों ने अपनी तैयारी की है। आयोजन स्थल पर तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे अपर मुख्य सचिव ऊर्जा महेश गुप्ता ने बताया कि उनके विभाग से जुड़े 3 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव आये हैं। प्रदेश में इंडस्ट्रीज को ऊर्जा की बेहतर व्यवस्था देने के लिए पूरी तैयारी है। लखनऊ के डीएम सूर्यपाल गंगवार ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत भी देखने को मिलेगी। एक भव्य ड्रोन शो के माध्यम से उत्तर प्रदेश के विकास को दिखाया जाएगा। मेहमानों के स्वागत को लेकर विशेष तैयारी है।

खबरें फटाफट

वार्ड नंबर 6 के लोगों ने किया प्रदर्शन

सासाराम। रोहतास नगर निगम के वार्ड 25 के मुहल्लेवासियों ने जलजमाव से त्रस्त होकर बुधवार को नगर निगम के मेन गेट में तालाबंदी कर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। नगर निगम प्रशासन हाय-हाय के नगर आयुक्त एवं मेयर मुदार्बाद के नारे लगाए। मेन गेट पर तालाबंदी से दो घंटे तक नगरह्लनिगम कार्यालय में आना-जाना ठप रहा, कई लोग नगर निगम में फंसे रहे। अंततः मेयर के प्रतिनिधि के आश्वासन के बाद मेन गेट का ताला खोला गया और स्थितियां सामान्य हुई। हालत यह है कि गलियों में जलजमाव और कीचड़ हो गया है कि बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। वार्ड के लोगों का कहना है कि 23 जनवरी को उन लोगो ने नगर आयुक्त को जलजमाव की समस्या को लेकर आवेदन दिया गया था, जिसपर मुहल्ले के 75 लोगों के हस्ताक्षर थे। लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी नगर निगम द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई।

ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की मौत

कैमूर। जिले के कुदरा थाना क्षेत्र के तरहनि रेलवे गुमटी के पास अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से एक 35 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। बुधवार की सुबह रेलवे ट्रैक से गुजर रहे ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना कुदरा थाना को दी गई। पुलिस आसपास के ग्रामीणों से काफी पूछने का प्रयास किया लेकिन कहीं भी पता नहीं चल पाया। जिसके बाद चौकीदार की मदद से कुदरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कागजी कारवाई पूरा करते हुवे आज 11 बजे पोस्टमॉर्टम कराने के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर दो हिस्सों में बटा हुआ है एक व्यक्ति की डेड बॉडी देखने के बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई।

हाथीपांव का लक्षण दिखे तो तत्काल कराएं जांच, चिकित्सा परामर्श जरूरी

केटी न्यूज/बक्सर

- केसठ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया क्लिनिक का उद्घाटन
- शिविर का आयोजन कर फाइलेरिया मरीजों के बीच एमएमडीपी किट वितरित

फाइलेरिया उन्मूलन के लिए राज्य स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के सभी प्रखंडों में भी फाइलेरिया क्लिनिक का शुभारंभ किया जा रहा है। जहां पर मरीजों को एमएमडीपी (रुग्णता प्रबंधन व दिव्यांगता प्रबंधन) की जानकारी दी जा सके। इस क्रम में जिले के केसठ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भी फाइलेरिया क्लिनिक का उद्घाटन बुधवार को किया गया। साथ ही, शिविर का आयोजन कर फाइलेरिया मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। इस दौरान प्रदत्त किट का सही इस्तेमाल समेत फाइलेरिया से बचाव समेत इसके कारण, लक्षण एवं उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही लक्षण दिखते ही तुरंत जांच कराने और जांच के पश्चात चिकित्सा परामर्श का पालन करने समेत अन्य आवश्यक जानकारी दी गई। ताकि संबंधित मरीज शुरूआती दौर में ही जांच करा सकें और ससमय इलाज शुरू हो सके। मौके पर केसठ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनय कुमार सिंह, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण सलाहकार राजीव कुमार, बीएचएम सुशील कुमार, वीबीडीएस उपेंद्र पांडेय, अकाउंट मैनेजर रजनीकांत राय समेत अन्य सहयोगी संस्थानों के प्रतिनिधि तथा फ्रंट लाइन वर्कर्स और फाइलेरिया मरीज उपस्थित रहे ।



फाइलेरिया का केवल प्रबंधन ही हो सकता है

वेक्टर जनित रोग नियंत्रण सलाहकार राजीव कुमार ने बताया, उचित देखभाल न करने से फाइलेरिया रोगी दिव्यांग हो सकता है। व्यक्ति का जीवन पूरी तरह से प्रभावित हो सकता है। यह बीमारी ठीक तो नहीं हो सकती , केवल प्रबंधन ही हो सकता है। इसलिए साल में एक बार आशा कार्यकर्ता जब फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाने घर पर आयें तो उनके सामने ही इस दवा का जरूर सेवन करें। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया मुख्यतः मनुष्य के शरीर के चार अंगों को प्रभावित करता है। जिसमें पैर, हाथ, हाइड्रोसील एवं महिलाओं का स्तन शामिल हैं । हाइड्रोसील के अलावा फाइलेरिया संक्रमित अन्य अंगों को ऑपरेशन द्वारा ठीक नहीं किया जा सकता है। संक्रमित व्यक्ति को सामान्य उपचार के लिए किट उपलब्ध कराई जाती है, जबकि हाइड्रोसील फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को मुफ्त ऑपरेशन की सुविधा मुहैया कराई जाती है।

लक्षणों की पहचान समेत अन्य जरूरी जानकारी दी गई : प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि इस शिविर में सभी मरीजों के बीच एमएमडीपी किट के साथ-साथ फाइलेरिया से बचाव से संबंधित आवश्यक और जरूरी जानकारी भी दी गई। जिसमें संक्रमित मरीजों को किन-किन बातों का ख्याल रखते हुए इलाज कराना है। फाइलेरिया से बचाव के लिए क्या-क्या सावधानी बरतनी है। इसके कारण और लक्षण समेत अन्य जरूरी जानकारी दी गई। उन्हें यह भी बताया गया कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जो क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है। इसका कोई पर्याप्त इलाज संभव नहीं है। लेकिन, इसे शुरूआत में ही पहचान करते हुए रोका जा सकता है। इसके लिए संक्रमित व्यक्ति को फाइलेरिया ग्रसित अंगों को पूरी तरह स्वच्छ पानी से साफ करना चाहिए। साथ ही सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही डीईसी व अल्बेंडाजोल की दवा का नियमित सेवन करना चाहिए। साथ ही, मच्छरों से बचाव के उपाय करने चाहिए।

गीधा हत्याकांड: 72 घंटे के अंदर औरंगाबाद निवासी कारोबारी की हत्या का खुलासा

अवैध संबंध और ब्लैकमेल करने में की गई कबाड़ कारोबारी की हत्या, चार गिरफ्तार

- आरोपित की पत्नी के साथ था कबाड़ कारोबारी का अवैक संबंध
- वीडियो व इंटीमेट फोटो दिखा कर रहा था ब्लैकमेल

केटी न्यूज/आरा

जिले के गीधा औद्योगिक क्षेत्र में कबाड़ का कारोबारी करने वाले की हत्या का 72 घंटे के अंदर खुलासा हो गया। वह अवैध संबंध और महिला को ब्लैकमेल करने के चक्कर में मारा गया था। इस मामले में चार आरोपितों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। इनमें गीधा ओपी क्षेत्र के वीरमपुर बाकरनगर निवासी पिंटू साव, कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के बलवा गांव निवासी आकाश कुमार, रविशंकर गुप्ता और धोबहां ओपी क्षेत्र के बाघी पाकड़ गांव निवासी रितिक कुमार शामिल हैं। सभी आरोपित आपस में रिश्तेदार बताये जा रहे हैं। इनमें पिंटू साव हत्याकांड का मुख्य आरोपित है। एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में टीम ने चारों को गिरफ्तार किया है। सभी ने घटना में शामिल होने की बात भी स्वीकार कर ली। एसपी प्रमोद कुमार द्वारा बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी।? उन्होंने बताया कि आरोपितों से पूछताछ के पता चला कि गीधा में कबाड़ का कारोबार करने वाले औरंगाबाद के रहने वाले जयप्रकाश कुमार उर्फ डबलू साह का वीरमपुर बाकरनगर निवासी पिंटू साव की पत्नी के साथ अनैतिक संबंध था। उसने वीडियो और इंटीमेट संबंध का फोटो भी बना लिया था। वह अक्सर उसे अपने पास बुलाता था और फोटो वायरल करने की धमकी दे ब्लैकमेल कर रहा था। इससे वह परेशान थी। उसी विवाद में उसकी हत्या कर दी गयी।



मारपीट में गयी जान

घटना के एक रोज पहले भी कारोबारी ने पिंटू की पत्नी को खत लिखकर घर बुलाया था। तब पिंटू की पत्नी ने इसकी जानकारी पति को दी। उसके बाद पिंटू अपने रिश्तेदारों के साथ जयप्रकाश साह को समझाने गया था। वहां जयप्रकाश साह द्वारा वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी देने लगा। इससे बात बिगड़ गयी और मारपीट होने लगी। उसमें सिर में चोट लगने के कारण जयप्रकाश साह की मौत हो गयी।

हमेशा बनाता था दबाव

कबाड़ कारोबारी जयप्रकाश अवैध संबंध के चक्कर में काफी समय से पिंटू साव की पत्नी को परेशान कर रहा था। वह अक्सर पिंटू की पत्नी को अपने पास आने का दबाव देता रहता था। उसके लिए फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी भी देता था। पूर्व में उसके द्वारा पिंटू के बेटे को वाहन से धक्का मार कर चोटिल भी कर दिया था। उस संबंध में पिंटू साव की ओर से शिकायत भी दर्ज की गयी थी।

सीसीटीवी फुटेज से हत्यारों तक पहुंची पुलिस : एसपी ने बताया कि पांच फरवरी की सुबह गीधा औद्योगिक क्षेत्र में रबर फैक्ट्री के बगल में स्थित एक खेत से कबाड़ कारोबारी का शव बरामद हुआ था। जांच में पता चला कि उसकी हत्या कर शव फेंका गया है। उसके बाद घटना की छानबीन और आरोपितों की गिरफ्तारी को एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। इसमें गीधा ओपी इंचार्ज और डीआईयू के अफसर शामिल थे। तफ्तीश में जुटी टीम ने आसापास के सीसीटीवी फुटेज व मोबाइल सीडीआर खंगाला, तो हत्या में पिंटू साव की संलिप्तता सामने आयी। उससे पूछताछ में सारा भेद खुल गया।

एक नजर

डीडीसी ने मांदिल नौका विहार का किया अवलोकन



जहानाबाद। उप विकास आयुक्त परितोष कुमार ने जहानाबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत-मांदिल में विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान मांदिल नौका विहार का भी अवलोकन किया। उन्होंने तालाब के आस पास नियमित रुप से साफ सफाई कराने का निर्देश दिया। तालाब के चारों ओर मनरेगा से किए पौधरोपण में कुछ पौधे मृत पाए गए, उपस्थित कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा और पंचायत रोजगार सेवक को निर्देश दिया कि शीघ्र नए पौधे लगाए जाएं। वन पोषक को नियमित रूप से पौधों में पानी देने का निर्देश दिया गया। साथ ही, तालाब के पानी की अत्यधिक निकासी को रोकने का निर्देश दिया। वहीं, बीडीओ को नौका विहार का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया। उक्त मांदिल नौका विहार का उद्घाटन इसी वर्ष समाधान यात्रा के दौरान माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा किया गया था। सीएम के द्वारा दिए गए निर्देश के अनुरूप तालाब के किनारे घाट बनाने के संबंध में कार्य योजना तैयार करने का निर्देश बीडीओ को दिया गया। नौका विहार के चारों तरफ प्रकाश की व्यवस्था को और बेहतर करने का निर्देश दिया गया। मांदिल मध्य विद्यालय में मनरेगा से कराए गए पेवर ब्लॉक के निरीक्षण में कई स्थानों पर उखड़े हुए पेवर ब्लॉक को पुनः लगाने का निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवास पर लोगो लगाने का तथा मनरेगा से मजदूरी भुगतान सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया।

मांगों को लेकर बीईओ से मिले शिक्षक



जहानाबाद। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मोदनगंज व बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ गोप गुट मूल प्रखंड मोदनगंज के बीच बुधवार को वार्ता हुई। जिसमें जिसमें प्रखंड अध्यक्ष नीलमणि दिवाकर उर्फ मंटू शर्मा ने बताया कि मांगों में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की सेवा पुस्तिका संधारण करने हेतु कार्यालय से सोमवार तक पत्र निर्गत करने और नवनियुक्त शेष शिक्षकों की सेवा पुस्त खोलने हेतु संकुलवार पत्र निर्धारित कर सोमवार तक निकालने की बात शामिल है। वहीं, सभी प्रकार के सभी कोटि शिक्षकों का बकाया वेतन जो लंबित है, उन्हें विपत्र बनाकर जिला में तत्काल भेजने की बात कही गई। फरवरी माह मानकर जिन शिक्षकों की सेवा 12 वर्ष पूरा हो गया है, उनको प्रोन्नति हेतु सुची बनाने हेतु पत्र निकाला जाए। साथ ही अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान बताया गया कि जिन विद्यालयों में चापाकल, शौचालय की खराब स्थिति है उसे मरम्मती हेतु संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक से आवेदन प्राप्त कर अनुशंसा कर जिला में भेज दी गई। एक शिक्षकीय विद्यालय छोड़कर प्रतिनियुक्त सभी शिक्षकों का प्रति नियोजित रद्द करने के संबंध में बीईओ ने बताया कि मेरे द्वारा किसी भी शिक्षकों को नियोजन नहीं किया गया है। व्हाट्सएप ग्रुप पर मैसेज में भेदभाव पर बीईओ द्वारा बताया गया कि इस प्रखंड में शिक्षकों के मैसेज हेतु एक ही एचएम ग्रुप रहेगा। अन्य ग्रुप का संचालन मेरे द्वारा नहीं किया जाएगा। उपयुक्त सभी मांगों को संघ को लिखित रूप कृत कार्रवाई से अवगत कराने के लिए सोमवार तक समय प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा लिया गया।

फेरीवाले ने पंखे के कुंडी से लटक दी जान, छानबीन में जुटी पुलिस

आरा। जिले के करनामेपुर ओपी के स्थानीय करनामेपुर गांव में मंगलवार की रात फेरीवाले ने खुदकुशी कर ली। उसका शव बुधवार की सुबह पंखे के कुंडी से लटका मिला। मृतक करनामेपुर गांव निवासी ब्रिज मोहन पासवान का बेटा मुकेश पासवान था। वह प्लास्टिक का सामान लेकर गांवों में घूम-घूमकर बेचता था। खुदकुशी करने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है।

चाचा गणेश पासवान ने बताया कि उसकी पत्नी एक माह से अपनी मां के पास गुजरात के राजकोट गयी है। मंगलवार की रात घर में कोई नहीं था। उसी दौरान उसने कमरे का दरवाजा बंद कर पंखे में गमछे से लटक कर आत्महत्या कर ली। शाम में वह पत्नी के साथ खेत से घर लौट रहे थे। तभी सूचना मिली। जब वे वहां पहुंचे और कमरे का दरवाजा खोला, तो देखा कि वह कुंडी से लटका हुआ है। उसके बाद शव नीचे जमीन पर उतारा गया और पुलिस को सूचना दी गयी। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। गणेश पासवान द्वारा किसी तरह के विवाद की जानकारी होने से इनकार किया गया है। दो दिन पूर्व युवक की पत्नी ने उससे फोन कर अपने पास बुलाया था। तब युवक द्वारा दो दिन बाद आने की बात भी कही थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सड़क हादसे में सात लोग घायल, इलाजरत

आरा। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सड़क हादसा का बात सामने आया। जहां दो महिला समेत सात लोग जख्मी हो गए। वहीं, घटना के बाद चार जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जबकि तीन लोगों का इलाज निजी अस्पताल में कराया जा रहा। पहली घटना आरा-बक्सर मुख्य मार्ग शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर-बेलौटी गांव के समीप घटी। जहां मंगलवार रात बेलगाम पिकअप ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे मे ऑटो सवार चार लोग जख्मी हो गए। जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जख्मियों में बिहियां थाना क्षेत्र के बगही गांव निवासी अक्षय लाल,विशाल कुमार, अनुज कुमार और रौशन कुमार शामिल है।

सड़क हादसे में अधेड़ की दर्दनाक मौत

केटी न्यूज/आरा

जिले के धोबहां ओपी क्षेत्र सारसिवान गांव मोड़ के समीप बुधवार की दोपहर एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। उसमें दबकर रोड किनारे खड़े एक अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक भी जख्मी हो गया है। मृतक कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर गांव निवासी शिव प्रसाद साह के 50 वर्षीय पुत्र रामानंद साह थे। वह बेटी की शादी के सिलसिले में अपनी साली को लाने के लिए गये हुए थे, लेकिन लौटते समय ट्रैक्टर उन पर पलट गया।

इलाज के लिए आरा संदर अस्पताल लाये जाने के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। जख्मी ट्रैक्टर चालक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महुली गांव निवासी तेज नारायण सिंह का 22 वर्षीय पुत्र नारायण सिंह हैं। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया गया। पुलिस द्वारा चालक को हिरासत में ले लिया गया है और ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। वहीं पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृत अधेड़ के पुत्र लालू कुमार गुप्ता ने बताया कि उसकी बहन पूजा कुमारी की शादी होने वाली है। उसके लिए उसके पिता मौसी को लाने के लिए मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव गए थे।



बुधवार की दोपहर लौटते समय वह सारसिवान मोड़ के समीप सड़क किनारे खड़े थे। तभी तेज रफ्तार से जा रहा एक ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। उसमें वह ट्रैक्टर के नीचे दब गए और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। ट्रैक्टर चालक भी जख्मी हो गए। उसके बाद रास्ते से गुजर रही कृष्णगढ़ थाने की पुलिस द्वारा दोनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों ने उसके पिता को मृत घोषित कर दिया।

स्वास्थ्यकर्मियों के सामने ही लाभार्थियों को करना होगा फाइलेरिया की दवाओं का सेवन

फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 10 लाख की आबादी लक्षित

- जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित कार्यशाला के दौरान दी गयी जानकारी

केटी न्यूज/जहानाबाद

जिला में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 10 फरवरी से मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के तहत दवा का सेवन कराया जायेगा। फाइलेरिया एक गंभीर रोग है। इस रोग के होने से व्यक्ति के हाथ, पैर या जननांग में सूजन आ जाती है। सूजन के कारण हाथीपांव हो जाता है। पुरुषों में हाइड्रोसील की समस्या होती है। हाथीपांव का इलाज नहीं किया जा सकता। जबकि हाइड्रोसील को सर्जरी के माध्यम से इलाज किया जाता है। हाथीपांव से प्रभावित व्यक्ति उम्रभर के लिए विकलांगता का शिकार हो जाता है। उसके प्रभावित अंगों में हमेशा दर्द रहता है और वह सामान्य व्यक्ति की तरह काम नही कर पाता है।



यह बातें जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. ब्रज कुमार ने फाइलेरिया उन्मूलन अभियान से पूर्व आयोजित मीडिया कार्यशाला के दौरान कही। सीफार के सहयोग से जिला वेक्टर बॉर्न नियंत्रण विभाग द्वारा आयोजित मीडिया कार्यशाला में गैर-संचारी रोग अधिकारी डॉ. अजय कुमार, वीबीडीसी कंसल्टेंट निशिकांत, वीडीसीओ मनीष कुमार, पीसीआई से मनीष कुमार सहित विभिन्न मीडिया संस्थान के प्रतिनिधि तथा स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे।

वहीं, गैर संचारी रोग अधिकारी डॉ अजय कुमार ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए एमडीए अभियान चलाया जाता है। इस अभियान के दौरान फाइलेरिया संभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को दवा दी जाती है। जिला में चलने वाले इस अभियान के दौरान लोगों को दो प्रकार की दवा दी जायेगी जिसमें अल्बेंडाजोल और डीईसी शामिल हैं। इन दवाओं की शरीर में मौजूद फाइलेरिया परजीवी को समाप्त करने में अहम भूमिका होती है।

जिले के 720 गांवों में चलेगा अभियान

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी ने बताया कि जिला में 465 टीम तैयार की गयी है। इसमें दो स्वास्थकर्मी दवा सेवन कराने का काम करेंगे। अभियान के दौरान 48 सुपरवाइजर होंगे जबकि 198 वोलेंटियर को शामिल किया जायेगा। उन्होंने बताया सर्वजन दवा सेवन अभियान के दौरान जिला के 720 गांवों को कवर किया जायेगा। दवा सेवन के लिए जिला की दस लाख तीन हजार 822 आबादी को लक्षित किया गया है। टीम की मदद से अभियान को 14 दिनों तक चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि दवा का सेवन स्वास्थ्यकर्मियों के सामने की करना है। यदि दवा सेवन के बाद सरदर्द, उल्टी और बुखार जैसी परेशानियां होती है तो यह फाइलेरिया संक्रमण का संकेत है। दवा खाने के बाद आपके शरीर में मौजूद फाइलेरिया कृमि के मरने के कारण ऐसी प्रतिक्रिया होती है।



खबरें फटाफट

भाजपा शक्ति केंद्र विस्तार पर चर्चा

डुमरांव। भोजपुर शक्ति केंद्र पर डुमरांव ग्रामीण मंडल का कार्यसमिति बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से शक्ति केंद्र विस्तार और पन्ना प्रमुख बनाने पर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ सदस्य एवं पंचायती राज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ओम प्रकाश भुवन ने मुख्य रूप से अपना विचार रखा। उन्होंने बताया कि यह अभियान हमारे पार्टी के लिए 2024 के चुनाव में कितने उपयोगी होंगे। इस विषय पर चर्चा को आगे बढ़ाते हुए जिला उपाध्यक्ष बलराम पांडेय, जिला मंत्री राजीव कुमार भगत व प्रदेश महिला मोर्चा कार्यसमिति सदस्य पिंकी पाठक ने भी अपने विचार व्यक्त किया। बैठक का संचालन केसठ मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत तिवारी तथा अध्यक्षता डुमरांव ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सतीश चंद्र राय ने किया।

धरना को सफल बनाने पर हुई चर्चा

बक्सर। कवलदह पोखर के पास प्रेरक संघ के जिला इकाई की बैठक आयोजित हुई। जिसमें 15 फरवरी को पटना में आयोजित प्रेरकों के धरना को सफल बनाने पर चर्चा हुई तथा अधिक से अधिक संख्या में धरना में भाग लेने की हुंकार भरी। बैठक की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष सर्वजीत राय ने की। जिसमें मुख्य अतिथि बिहार राज्य प्रेरक समन्वयक संघ के प्रदेश अध्यक्ष इंदुभुषण कुमार, सचिव ओमप्रकाश उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि परिश्रम कभी भी व्यर्थ नहीं जाता है। 15 को पटना के गांधी मैदान में सरकार के समक्ष अपना शक्ति प्रदर्शन करेंगे। बैठक में छठू राम, जितेंद्र बहादुर, संजीव कुमार, विजयलाल शर्मा, मनोज पाल, संगीता सिंह, कंचन कुमारी, अंगद कुमार व अन्य शामिल रहे।

मामाजी का स्मृति महोत्सव संपन्नः बक्सर व कमरपुर में विशाल भंडारा आयोजित

- नई बाजार में ढाई क्विंटल पंचामृत के साथ हुआ मामाजी का अभिषेक

केटी न्यूज/बक्सर



मामा जी की प्रतिमा का अभिषेक करते आश्रम के महंत व अन्य

पूज्य संत नारायण दास भक्तमालि उपाख्य मामाजी के पावन स्मृति में बक्सर के नई बाजार तथा चौसा के कमरपुर गांव में चल रहा महोत्सव बुधवार को भंडारे के साथ संपन्न हुआ। बक्सर में 15 वां प्रिया-प्रियतम महोत्सव आश्रम परिसर स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में पूजन अर्चन के पश्चात आश्रम के महंत श्री राजाराम शरण जी महाराज, पूर्व डीजीपी व कथावाचक गुप्तेशवर पाण्डेय तथा उपस्थित संतों द्वारा श्री मामा जी महाराज के विग्रह का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन किया गया तथा मामा जी की पादुका का पूजन एवं ढाई क्विंटल पंचामृत से पादुका का अभिषेक किया गया। इस दौरान राजाराम शरण जी महाराज ने कहा कि मामाजी महाराज एक उच्च कोटि के संत थे। उन्हें कलयुग का विश्वामित्र कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। अद्भुत भक्ति-भाव के स्वामी होते हुए भी मामाजी महाराज अत्यंत विनयशील, निराभिमानी एवं सरल थे। जो मानव एक बार परम पूज्य मामाजी महाराज का सान्निध्य का सुख पा लेता था, वह सदा के लिए उनका हो जाता था। हमेशा अपनी कथा के माध्यम से मामाजी सादा जीवन उच्च विचार जीवन जीने की कथा अपने भक्तों श्रोताओं के बीच कहा करते थे, जिससे भक्त तथा श्रोता जीवन जीने की कला सीखते थे। उनको दूसरे साधु, महात्माओं द्वारा उन्हें संतों की वाणी, भक्तों के चरित्र तथा मार्ग खोजने वाला व्यक्ति कहा गया है। इस अवसर पर आश्रम परिसर में भव्य समष्टि भण्डारे का आयोजन किया गया,जिसमें हजारो की संख्या में संतो-भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अयोध्या के लक्ष्मण किला के मैथिली रमन शरण जी महाराज, श्री जनक दुलारी शरण जी महाराज, महंत अमित कुमार दास, सूर्यप्रकाश शरण जी महाराज, रघुवर शरण जी महाराज, प्रदीप राय, पूर्व विधायक राजेश्वर राज, डा राजेश सिन्हा उपस्थित रहे।

गुरु के उपदेशों का पालन करना ही गुरुभक्ति

बक्सर। महामहोत्सव कमरपुर के हनुमत धाम मंदिर में मामा जी के भंडारा के साथ संपन्न हुआ। अंतिम दिन सीता राम विवाह प्रसंग का कथा हुआ। इस दौरान महाराज जी द्वारा रचित परंपरागत मंगल गीत व गालियां गाकर बराती निहाल हो उठे। वहीं, मिथिला की पारंपरिक मंगल गाली को सुनकर बाराती तथा संत व विद्वान भी भाव विभोर हो गए। इसके पूर्व सुबह में अखंड हरि कीर्तन और भक्तमाल का सामुहिक पाठ हुआ।

अयोध्या धाम से पधारे संत अनन्त श्री विभूषित श्री नरहरि दास जी महाराज ने कथा के दौरान सीताराम विवाह की सम्पूर्ण कथा सुनाई। पूज्य मामा जी महाराज रचित एक एक पदों को गाकर भक्तों को झूमा दिए। कथा के दौरान उन्होंने ने कहा कि अपने जन्मदिन पर राम जन्म की दोहा चौपाइयां और शादी सालगिरह पर भगवान की विवाह गीत दोहा चौपाई गाकर मनाए। उन्होंने कहा कि गुरुदेव के उपदेशों का पालन करना ही गुरुभक्ति है। पूरे मन से अगर गुरु की सेवा की जाए तो भगवान की सेवा अपने आप हो जाती है। मंच पर मैरीपीठाधीश्वर श्री राघवानंदाचार्य जी महाराज, सिया दीदी उपस्थित रही।



भंडारे में शामिल ग्रामीण

न्यू मार्केट स्थित दुकान को चोरों ने बनाया निशाना, व्यवसायियों में आक्रोश

डुमरांव में पारचून दुकान में भीषण चोरी
नकदी समेत हजारों का सामान ले उड़े चोर

- छत की सीलिंग तोड़ चोरों ने दिया घटना को अंजाम

केटी न्यूज/डुमरांव



चोरों द्वारा तोड़ी गई छत की सीलिंग

डुमरांव में चोरों का आतंक बढ़ गया है। मंगलवार की रात चोरों ने शहर के मुख्य बाजार राजगोला रोड के न्यू मार्केट में एक पारचून की दुकान में चोरी की भीषण घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने इस मार्केट में स्थित पारचून सामानों के थोक विक्रेता संतोष कुमार केशरी उर्फ मंटू केशरी के दुकान के छत की सीलिंग तोड़ चोरी की है। चोरों ने दुकान के गल्ला से नकदी समेत हजारों रुपए के सामान पर हाथ साफ किया है। हालांकि दुकानदार ने इस बात की जानकारी नहीं दी है कि चोर कितनी राशि और कितने के सामान ले गए है। वैसे माना जा रहा है कि चोरों ने मोटी रकम पर हाथ साफ किया है। चोरी की इस वारदात की जानकारी दुकानदार को बुधवार की सुबह तब हुई ज बवह दुकान खोला। दुकान खोलने के बाद छत की सीलिंग टूटा होने तथा सामान के अस्त व्यस्त होने से उसे चोरी की बात समझ में आई। इसके बाद दुकानदार ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। देखते ही देखते जंगल के आग की तरह यह खबर पूरे शहर में फैल गई तथा पुलिस के पहुंचने के पहले ही सैकड़ों दुकानदार वहां जमा हो गए थे। इस घटना से शहर के व्यवसायियों में गहरा आक्रोश है। व्यवसायियों ने पुलिस प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब बीच शहर की दुकानें चोर उचक्कों से महफूज नहीं रह गई है तो अन्य जगहों के सुरक्षा की क्या उम्मीद की जाए। पीड़ित दुकानदार के लिखित आवेदन पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। डुमरांव थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

पांच माह में दूसरी बार हुई चोरी



बता दें कि चोरों ने संतोष केशरी की दुकान को पांच महीने में दूसरी बार निशाना बनाया है। पांच महीना पहले भी इस दुकान में छत तोड़ ही चोरी हुई थी। इस बार भी चोरों ने उसी तरीके से चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

कोरानसराय में भी हुई दुकान में चोरी

डुमरांव। अनुमंडल मुख्यालय के साथ ही मंगलवार की रात चोरों ने कोरानसराय के छोटका पड़ाव स्थित एक किराना दुकान में हजारों रुपए मूल्य के किराना सामानों की चोरी कर ली। हालांकि बाद में शक के आधार पर स्थानीय निवासी एक नाबालिक को पकड़ा गया। जिसकी निशानदेही पर उसके घर से सामान को बरामद कर लिया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने उक्त चोर को स्थानीय पुलिस को सुपुर्द कर दिया। इधर हिरासत में लिया गया चोर भी नाबालिक है। माना जा रहा है कि आपसी समझौते से ही इस मामले का निपटारा कर लिया जाएगा। कोरानसराय थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने कहा कि दुकानदार द्वारा लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

एक नजर

स्कूलों के सर्वांगीण विकास को शिक्षक प्रशिक्षित



चौगाई। प्रखंड के मध्य विद्यालय लक्ष्मीपुर में चल रहे विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों के अंतिम बैच का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जिसमें 36 प्रतिभागी शामिल हुए थे। इस दौरान विद्यालय शिक्षा समिति सह सामुदायिक प्रतिनिधियों को प्रारंभिक शिक्षा के सर्वव्यापीकरण, विशिस की अवधारणा, स्वरूप, कार्य और दायित्व सहित कई प्रमुख बिंदूओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही, विद्यालय विकास योजना निर्माण में स्कूल एजुकेशन कमिटी के सदस्यों की भूमिका व क्रियान्वयन पर भी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। प्रशिक्षण प्राप्त कर छह सदस्य स्कूलों के सर्वांगीण विकास हेतु लोक सशक्तिकरण और स्कूल डेवलेपमेंट प्लॉन के लिए बाकी सदस्यों को इससे अवगत कराएंगे। इस दौरान प्रशिक्षकों ने अपने गांव के स्कूल को एक आदर्श स्कूल के रूप में स्थापित करने एवं समुदाय व शिक्षकों के बीच सामंजस्य स्थापित करनें में विद्यालय शिक्षा समिति की साकारात्मक पहल पर विशेष रुप से फोकस किया। मौके पर प्रशिक्षक गिरीश कुमार, शिक्षकों में रंगजी प्रसाद, अखिलेश कुमार, कविता कुमारी, सवेरा कुमारी, अशोक कुमार, संध्या कुमारी, प्रमोद कुमार सिंह और प्रवीण कुमार के अलावे विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष, सचिव और सदस्यों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित कराई।

छात्रों ने जाना एड्स से बचाव के उपाय



बक्सर। जिले में स्थित गवर्मेंट पोल्टेकनिक कालेज के सभागार में रेड रिबन इंजिनियम कार्यक्रम के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता सह एचआईवी/एड्स एवं स्वेक्षित रक्तदान के उपर उन्मुखीकरण कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसमें समिति के साधनसेवी सह क्विज मास्टर राहुल कुमार सिंह के द्वारा छात्र-छात्राओं के बिच एचआईवी एवम् एड्स के संक्रमण के फैलने के कारण एवम् बचाव के बारे में जानकारी दी। दूसरे सत्र में स्वेक्षिक रक्तदान एवं उनसे होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराया गया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रेमरंजन सिंह, दुसरा स्थान आकांक्षा कुमारी तीसरे स्थान लवकेश कुमार ने पराप्त किया जिन्हें जिला नोडल पदाधिकारी एनएसएस प्रो सुबोध कुमार गोंड एवम् राहुल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से प्रमाण पत्र दिए। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को उपस्थिति सभी प्रतिभागियों को समिति द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया कार्यक्रम में प्रिंसिपल डॉ ठाकुर, संजय कुमार, व्याख्याता और एनएसएस टीम लीडर सह ब्रांड एंबेसडर बिहार न्यू इंडिया/ 75 कैपेन के ब्रांड एंबेसडर सुन्दरम कुमार मौजूद रहे।

रंगारंग कार्यक्रम में बच्चों ने बिखेरा जलवा



नावानगर। स्थानीय प्रखंड के द एमिटी स्कूल सोनवर्षा में बुधबार को स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह को लेकर विद्यालय प्रांगण को रंग-बिरंगे, फूलों, गुब्बारों व झालरो से सजाया गया था। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक अमरेन्द्र राजेश ने की। संचालन विद्यालय के छात्रों ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन जवाहर नवोदय विद्यालय नावानगर के प्राचार्य रविन्द्र झा, जवाहर नवोदय विद्यालय औरंगाबाद के प्राचार्य रविन्द्र कुमार सिंह, करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष रिंकू मुखिया, रविरंजन सिंह, शिवकांत सिंह, पप्पू सिंह, संजय सिंह, नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। निदेशक अमरेन्द्र राजेश ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी वर्षों में हमारा विद्यालय चौगुनी उन्नति करेगा। अपने बच्चों को लेकर अभिभावकों के सपनों को पूरा करने का उनका मुख्य उद्देश्य है। समारोह में विद्यालय के बच्चों ने हिंदी नाटक औरतें उठी नहीं तो, तेरा नहीं मेरा नहीं सबकुछ है हमारा, स्वच्छता अभियान पर आधारित नाटक व गीत संगीत एवं नृत्य की प्रस्तुति कर खुब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंटू पटेल, राजू यादव, आशुतोष पाण्डेय, विनय श्रीवास्तव, कलामुदिन अंसारी सहित विद्यालय के बच्चें शिक्षक व अभिभावक उपस्थित थे।

दुर्घटना में दूध की वैन के चालक की मौत



बक्सर। शराब लदी बोलेरो और दूध लदी पिकअप आपस में टकरा गई। जिसके कारण पिकअप चालक मंजीत पाल की मौके पर ही मौत हो गई। वह इटाढ़ी थाना क्षेत्र के इंदौर गांव का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार प्रतिदिन दूध की गाड़ी लेकर मंजीत शाम में पड़ोसी जिले रोहतास के कोचस जाता था। वहां से रात के वक्त वापस लौट आता था। मंगलवार की रात जब वह लौट रहा था तभी भानस ओपी के कटियारा गांव के समीप उसकी गाड़ी शराब लेकर जा रही बोलेरो से टकरा गई और चाट में पलट गई। इस वजह से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जिस बोलेरो में शराब लदी थी। वह भी दुर्घटनाग्रस्त हुई है। लेकिन, उसके सवार भागने में सफल रहे। साथ ही वे गाड़ी से शराब भी ले भागे। बुधवार की सुबह लोगों को इस दुर्घटना के बारे में पता चला। चालक की पहचान हुई तो उसके परिजनों को सूचना दी गई। परिजन पहुंचे तो रोहतास की पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए सासाराम ले गई।

कार्रवाईः शराब के नशे में चंदा पंचायत का मुखिया गिरफ्तार



चक्की। हाल ही में अपने पंचायत में पंचायत सरकार भवन तथा वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट के लिए जमीन दान कर सुर्खियों में आए चक्की प्रखंड के चंदा पंचायत के मुखिया अजय गिरी शराब के नशे में गिरफ्तार हो गए है। उनके साथ ही उनके एक पट्टीदार मोतीलाल गिरी को भी उत्पाद विभाग बक्सर की टीम ने उनके घर से गिरफ्तार किया है।

मुखिया के शराब के नशे में गिरफ्तार होने के बाद पंचायत में पूरे दिन इसकी चर्चा होते रही। उत्पाद निरीक्षक दिलिप कुमार पाठक ने बताया कि टीम गुप्त सूचना पर मुखिया के पड़ोसी मोतीलाल गिरी को गिरफ्तार करने गई थी। तब तक शराब में नशे में मुखिया भी वहां पहुंच गए। जिसके बाद उन्हें भी नशे की हालत में गिरफ्तार कर लिया गया। इस गिरफ्तारी के बाद प्रशासनिक गलियारों में भी चचाओं का बाजार गर्म रहा। हाल ही में अपने पंचायत को विकसित पंचायत बनाने तथा पंचायत सरकार भवन निर्माण के लिए मुखिया अजय गिरी ने अपनी जमीन दान दी है। जिसके बाद प्रशासनिक महकमे से लेकर आम जनता में मुखिया की सराहना की जा रही थी। लेकिन शराब की लत ने एक झटके में ही उन्हें शर्मसार कर दिया है।

करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

चक्की। भरियार ओपी थाना क्षेत्र के चक्की भोला डेरा गांव के बधार में खेत की सिंचाई करने के दौरान एक युवक करंट की चपेट में आ गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक मुकेश कुमार उम्र 32 वर्ष पिता धनराज यादव भोला डेरा का निवासी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि वह बुधवार को अपने खेत में लगे गेहूं की सिंचाई कर रहा था। इसी दौरान अर्थिंग का तार के चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। खेतों में काम कर रहे किसानों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन तबतक देर हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जें में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेज दिया। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है। जवान बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

टला हादसा: सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस के गुजरने के बाद ही चटकी रेल पटरी

- चटकी पटरी से गुजरने के दौरान शोर सुन लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगा रोकी पंजाब मेल

केटी न्यूज/बक्सर



चटकी हुई रेल पटरी

पूर्व मध्य रेलवे दानापुर मंडल के पीडिडियू-पटना रेल खंड के दरौली स्टेशन से पश्चिम हरबल्लमपुर गांव के पास बुधवार की सुबह लगभग 5:30 बजे सिक्किम-महानंदा एक्सप्रेस के गुजरने के दौरान रेल ट्रैक चटक गया। उसी दौरान पंजाब मेल के गुजरने की सूचना हो गई थी संयोग अच्छा रहा कि लोको पायलट तड़तड़ाहट कि शोर सुन इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को पहले ही रोक लिया। उस दरम्यान यात्रियों में अफरा तफरी मच गई थी। ब्रेक लगते ही लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

वरीय अनुभाग अभियंता दिलदारनगर दिलीप कुमार ने बताया कि दरौली स्टेशन के समीप हरिबलमपुर गांव के समीप रेलवे ट्रैक चटक जाने की सूचना मिली थी। उसी दरमियान पंजाब मेल गुजर रही थी। रेलवे ट्रैक फ्रैक्चर होने के स्थान से जब ट्रेन गुजरी तो लोको पायलट को आवाज सुनाई दी। लोको पायलट द्वारा इमरजेंसी ब्रेक लगाकर के ट्रेन को खड़ी कर दिया गया। दानापुर कंट्रोल रूम से जब खबर मिली तो तत्काल मौके पर जाकर क्लेमपिंग कर ट्रेन को 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से काशन के सहारे गुजारा गया।

जीएनएम प्रशिक्षण संस्थान में अध्ययनरत प्रशिक्षु जीएनएम का सात दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न, दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

प्रशिक्षु छात्राओं ने जाना मरीजों से उत्तम व्यवहार के गुर

- प्रशिक्षण के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाली जीएनएम हुईं सम्मानित

केटी न्यूज/बक्सर



प्रशिक्षण के बाद प्रतिभागी को सम्मान देते प्रशिक्षक व प्राचार्य

जीएनएम प्रशिक्षण संस्थान में अध्ययनरत प्रशिक्षु जीएनएम का सात दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण जीएनएम प्रशिक्षण संस्थान में महिंद्रा प्राइड क्लासरूम एंप्लॉयमेंट स्किल ट्रेनिंग स्टूडेंट के तहत कराया गया था। बता दें कि जीएनएम प्रशिक्षण संस्थान बक्सर के पीटीएस प्रथम वर्ष एवं द्वित्तीय वर्ष की ट्रेनिंग पिछले सप्ताह में एक हफ्ते का ट्रेडिंग कराया गया। इस प्रशिक्षण शिविर के समापन के मौके पर मुख्य अतिथि प्राचार्य जागृति सिंह एवं महिंद्रा एंड महिंद्रा केजीएन प्रशिक्षण संस्थान के को-ऑर्डिनेटर तथा विशिष्ट अतिथि मोहम्मद आफताब आलम इदरीसी रहे। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु छात्राओं को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल, रिसर्च सेंटर एवं मेडिकल कॉलेजों में कैसे काम करना है, मरीजों तथा उनके परिजनों के साथ कैसा व्यवहार करना है तथा लैंग्वेज के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई है।

प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि कंफर्ट जोन को कैसे मिटाया जाए। इंग्लिश लैंग्वेज कैसे किया जाए, टाइम मैनेजमेंट को ख्याल रखते हुए सेटिंग कैसे किया जाए, कैरियर की समस्याओं का समाधान करने की जानकारी दी गई। इसमें ईमेल, मनी मैनेजमेंट, सोशल मीडिया व लोगों से संपर्क कैसे बनाया जाए उसका ध्यान रखते हुए महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी ने सुचारू रूप से योगदान दिया है। जिसमें जॉब इंटरव्यू क्वेश्चन प्रोब्लम सॉल्विंग के बारे में बताया गया। जिसमें कि प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया. माधुरी कुमारी को प्रथम पुरस्कार, अंजली कुमारी को प्रथम पुरस्कार, आनंद ज्योति को द्वितीय पुरस्कार, कोमल सिंह को द्वितीय पुरस्कार एवं नंदिता को तृतीय पुरस्कार, सोनम कुमारी को श्रुति पुरस्कार के रूप में बैग और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम जीएनएम प्रशिक्षण कॉलेज के प्राचार्य जागृति सिंह एवं जीएनएम संस्थान के वरिष्ठ लेक्चरर मोहम्मद आफताब आलम इदरीसी की उपस्थिति में हुआ। जिसमें मोहम्मद आफताब आलम इदरीसी सभी छात्राओं को अवगत कराते हुए कहा कि समुदाय में किस तरीके से अच्छे से अच्छे तरीके से सहभागिता करें एवं कैसे सभा किया जाए इसमें आपको अहम भूमिका निभाने की जरूरत है। जिसमें दक्षता होना, अपने कार्यों में पारंगत होना और अपने बॉडी लैंग्वेज को समझना बताया गया। इसके अलावे भी प्रशिक्षण के दौरान उन्हें कई जानकारियों को सैद्धांतिक व व्यवहारिक रूप से बताया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि यह प्रशिक्षण जीएनएम को अपने ड्यूटि के दौरान काफी काम आने वाला है।

खबरें फटाफट

सुसाइड मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

बलिया। गन व्यवसायी सुसाइड मामले में कोतवाली पुलिस ने दो नामजद सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले पुलिस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रसड़ा थानख क्षेत्र के सिधार घाट के पास से एक फर्च्युनर गाड़ी के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया। फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने वाले और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने वाले आरोपी देवनारायण सिंह उर्फ पूना सिंह निवासी भृगु आश्रम राजपूत नेउरी थाना कोतवाली जनपद बलिया और अजय सिंह उर्फ सिंघाल निवासी भृगु आश्रम सतनी सराय थाना कोतवाली जनपद बलिया को गिरफ्तार किया। वहीं आलोक सिंह पुत्र योगेन्द्र सिंह निवासी मिड्ढी को जेल भेज दिया गया।

40 बकाएदारों की काटी गई बिजली

मऊ। चिरैयाकोट क्षेत्र के ग्राम भेड़ियाधर में जेई अर्जुन सिंह कुशवाहा के आदेश पर 20 हजार रुपए से ऊपर वाले 40 बकाएदारों की बिजली बुधवार को काट दी गई। जिससे पूरे गांव में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार लाइनमैन सोनू खान , मुन्ना और दिनेश यादव ने उच्च अधिकारियों के आदेश पर गांव के बिजली बिल के बकायादारों को बकाया धनराशि जमा करने की कई बार चेतावनी दी। उसके बाद भी बिजली का बकाया जमा नहीं हुआ। उसके बाद जे ई के आदेश पर लाइनमैन ने पांच ट्रांसफार्मर से होने वाली विद्युत आपूर्ति की लाइन को काट दिया। जिससे पूरे गांव में अंधेरा छा गया।

पागल के कारण सेवानिवृत्त होमगार्ड की दुर्घटना में मौत

मऊ। एक पागल के चलते सेवानिवृत्त होमगार्ड की मौत ट्रैक्टर के चपेट में आने से हो गई। बताया जाता है बुधवार को सुबह करीब 8 बजे कोपागंज थाना क्षेत्र के सेंदुराई गांव निवासी सुभाष राम अपनी बाइक से मऊ जा रहे थे। जैसे ही वह बापू मेडिकल कॉलेज के पास हाईवे पर पहुंचे वहां पर खड़े एक पागल ने पत्थर चला दिया। जिसके चलते उनका संतुलन बिगड़ गया और वह बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान पीछे से आ रही ट्रैक्टर ने उन्हें रौंद दिया। इससे उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया जबकि घटना को अंजाम देने के बाद ट्रैक्टर चालक और पागल दोनों फरार हो गए। बताया जाता है कि सुभाष राम अभी 2 वर्ष पहले ही रिटायर हुए थे और जिला सिक्योरिटी का काम करते थे। मौत की खबर से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

जाति-धर्म के नाम पर देश को बांटने का चल रहा कुचक्रः विधायक केतकी सिंह

केटी न्यूज/मनियर बलिया



विश्व में मोदी जी की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जो भी समस्याएं हैं उन समस्याओं का निदान मोदी जी की के पास है। पहले विश्व में भारत का कोई स्थान नहीं होता था । जब से भाजपा की सरकार बनी तब से मोदी जी एक विश्व पटल पर ऐसे नेता के रूप में उभर कर आए हैं, जिनके पास हर समस्या का समाधान है। भारत विश्व गुरु की ओर बढ़ रहा है तो विरोधी ताकतें भारत को जाति मजहब धर्म के नाम तोड़ने की कोशिश कर रही हैं। भारत हमेशा एक रहा है और एक रहेगा। उक्त बातें बांसडी विधायक केतकी सिंह ने मनियर की स्थिति प्रतिभा टॉकीज में भारतीय जनता पार्टी कार्यसमिति मंडल बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जिस दिन मोदी जी और योगी जी के हाथ में देश एवं प्रदेश की बागडोर नहीं रहेगी उस दिन जिन सरकारी योजनाओं का लाभ आपको मिल रहा है वह मिलना बंद हो जाएगा।

उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आपने देखा है कि जाड़े में जो कंबल आता था वह कंबल उस पार्टी दल के कार्यकर्ता व नेता अपनी अपनी गाड़ियों में भरकर ले जाते थे। गरीबों को नहीं मिल पाता था। कार्यक्रम को प्रमुख रूप से पूर्व विधानसभा चुनाव प्रभारी बलिराम उपाध्याय, मंडल प्रभारी कैलाश बिहारी सिंह, युवा संगठन के अध्यक्ष गोपाल जी ,भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र नाथ त्रिपाठी सहित आदि लोगों ने संबोधित किया ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लाक प्रमुख पति मनियर गोपाल सोनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष व प्रधान राजेश सिंह, प्रधान सत्येंद्र पाठक, विजय पाठक ,राजेश सिंह पारसनाथ तिवारी, खुशबू सिंह सहित आदि लोग उपस्थित रहे ।अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुतांशु गुप्ता एवं संचालन योगेंद्र सिंह ने किया।

मनाई गई शहीद प्रवीण सिंह की पुण्यतिथि

बांसडीह। जिले के बांसडीह तहसील क्षेत्र के छोटकी सेरिया गांव के सैनिक प्रवीण सिंह की पुण्यतिथि पर बुधवार को विधायक केतकी सिंह व अन्य लोगों ने गांव में स्थित उनकी प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर नमन किया। मुख्य अतिथि विधायक केतकी सिंह ने कहा कि शहीद प्रवीण सिंह का देश की रक्षा के लिए किया गया बलिदान व त्याग हमेशा याद रखा जायेगा। शहीद प्रवीण सिंह ने देश की रक्षा के लिए अपना सब कुछ बलिदान कर दिया था। विधायक ने कहा कि युवा पीढ़ी शहीद प्रवीण सिंह के बलिदान, त्याग व कृतियों से प्रेरणा लेकर देश व समाज हित में कार्य करे। विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख उमाशंकर पाठक ने कहा कि शहीद प्रवीण सिंह का बलिदान गांव व जिले के लिए गौरव की बात है। युवाओं को उनकी प्रेरणा से अपने समाज को विकसित बनाने के लिए चरित्र व कैरियर निर्माण का प्रयास करना चाहिए। अतिथियों ने गांव में आयोजित दौड़ प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधान अनिल यादव मौजूद रहे।

गाजीपुर पहुंचे उप्र के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा कार्यकताओं में भरा जोश

कार्यकर्ता खुद को डिप्टी सीएम समझ जनता की समस्याओं को दूर करें: मौर्य

केटी न्यूज/गाजीपुर



उप्र के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा के सभी कार्यकताओं को स्वयं उप मुख्यमंत्री समझकर जनता की समस्याओं को दूर कराने का आह्वान किया है। अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि वह प्रत्येक कार्यकर्ता को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के प्रतिनिधि के रूप में सम्मान दे। बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय छावनी लाइन पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बातें कहीं। इस मौके पर उन्होंने समाजवादी पार्टी को लेकर जमकर हमला बोला। कहा कि समाजवादी पार्टी को मैं समाप्तवादी पार्टी कहता हूं। वह समाप्त होगी इसे मैं और आप सभी जानते हैं। समाजवादी पार्टी एक डूबता हुआ जहाज है, उसका कोई भविष्य नहीं है लेकिन आज कल वह समाज में वैमनस्य पैदा करने की साजिश करने वाली पार्टी के रुप में भी अपना स्थान बनाने का काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जबसे सरकार बनी है वह गरीब कल्याण के लिए काम कर रही है। उन्होने कहा कि पूर्व की सरकारों में विकास के कार्य कुछ चिन्हित जनपदों तक ही सीमित थे जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा प्रदेश के सभी 75 जनपदों में विकास हो रहा है। गाजीपुर के विकास के प्रति उन्होंने कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा की तारीफ करते हुए कहा कि आज यहां आकर उनका नाम नही लूंगा तो अधूरा रह जाएगा। उन्होंने कहा कि गाजीपुर के इतिहास में जितना विकास 2014 से 2019 के बीच हुआ उतना विकास इससे पहले कभी नहीं हुआ था।

- समाजवादी पार्टी को लेकर जमकर हमला बोला। कहा कि समाजवादी पार्टी को मैं समाप्तवादी पार्टी कहता हूं।
- समाजवादी पार्टी एक डूबता हुआ जहाज है, उसका कोई भविष्य नहीं
- समाज में वैमनस्य पैदा करने की साजिश करने वाली पार्टी बनती जा रही सपा
- गाजीपुर के इतिहास में जितना विकास 2014 से 2019 के बीच हुआ उतना विकास इससे पहले कभी नहीं हुआ था

गाजीपुर में हार का बदला 2024 के चुनाव में लेना है

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2014 में 272 प्लस का 2019 मे सपा बसपा गठबंधन के बावजूद 300 पार का नारा दिया उसे जनता के आशीर्वाद से पाया है। इस बार 400 के पार उसमे 80 उत्तर प्रदेश की संख्या होनी चाहिए, यह लक्ष्य लेकर आगे बढना है। उन्होंने कार्यकताओं का आह्वान किया कि गाजीपुर में विधानसभा की हार का बदला 2024 के चुनाव में ब्याज सहित गाजीपुर के इतिहास की सबसे बड़ी जीत के साथ लेना है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 2024 में गाजीपुर में कमल कैसे खिले इसकी जिद बनाकर आगे बढ़ना है। उन्होंने अपने 20 मिनट के संबोधन में कहा यह दौरा अधूरा है बजट सत्र के बाद जल्द रात्रि प्रवास के साथ गाजीपुर आऊंगा।

वरिष्ठ नेता प्रभुनाथ चौहान के घर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

उप मुख्यमंत्री भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभुनाथ चौहान के निधनोपरांत उनको श्रद्धांजलि देने सबसे पहले उनके घर पहुंचे। जहां वह उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर परिजनों से मिल उनको ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि व्यस्तता के कारण नहीं आ सका था उन्हे विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। इसके बाद कुछ देर के लिए छावनी लाइन स्थित भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे थे और कार्यकताओं को सम्बोधित किया। जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह सहित पदाधिकारियों,जन प्रतिनिधियों ने पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र से उप मुख्यमंत्री का स्वागत अभिनन्दन किया गया। संचालन जिला महामंत्री प्रवीण सिंह ने किया। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल, जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह,अशोक मिश्रा, सरिता अग्रवाल,कालीचरन राजभर, कृष्ण बिहारी राय,सरोज कुशवाहा,रामतेज पांडेय, बृजेंद्र राय,नवीन श्रीवास्तव,बृजेंद्र सिंह,आनन्द राय मुन्ना,रमेश सिंह पप्पू, संकठा मिश्रा, रामनरेश कुशवाहा, ओमप्रकाश राय, दयाशंकर पांडेय, अवधेश राजभर,अच्छे लाल गुप्ता, डा मुराहु राजभर,सुनील सिंह, शशिकान्त शर्मा, कार्तिक गुप्ता, आलोक शर्मा, विश्वप्रकाश अकेला, अनिल पांडेय, शैलेष राम,गुलाम कादिर राईनी, अजीत सिंह सहित आदि अन्य लोग उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री ने पूर्व विधान परिषद सदस्य ब्रजभूषण सिंह कुशवाहा से भी मुलाकात की।

एक नजर

गाजीपुर में राजकीय सम्मान के साथ किया गया सीआरपीएफ हवलदार का अंतिम संस्कार



गाजीपुर। सीआरपीएफ में हवलदार के पद पर 197 बटालियन में तैनात रमेश यादव का पार्थिव शरीर बुधवार की सुबह झारखंड के चाईबासा से सड़क मार्ग से होकर सीआरपीएफ के वाहन में पैतृक गांव बड़ौरा पहुंचे। पार्थिव शरीर को देख जहां गांव गमजदा था, वहीं परिजनों में कोहराम मच गया। जवान का अंतिम संस्कार मेदिनीपुर स्थित श्मशान घाट पर पूरे सम्मान के साथ किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र रजनीकांत ने दी। इस मौके पर सबकी आखें नम हो गई। साथ आए जवानों ने सशस्त्र सलामी के साथ ही हवा में फायरिंग कर जवान को अंतिम विदाई दी। इसके मौके पर सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट राकेश रंजन राय, इंस्पेक्टर प्रवीन्द्र प्रसाद सहित अन्य जवानों और इलाकाई थाने के पुलिस मौजूद रही। गणमान्य लोगों के साथ सभी ने पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बता दें कि दो दिन पूर्व सीआरपीएफ के हवलदार रमेश यादव अपने ड्यूटी पर तैनात थे। इस दौरान उनके सीने में तेज दर्द होने लगा। इसके बाद वह गश खाकर जमीन पर गिर पडे। आनन-फानन में उनके अन्य साथियों ने तत्काल कमांड अस्पताल ले गए, जहां उनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी।

आगामी 25 वर्षों के अमृत काल का यह पहला बजट है: रविन्द्र जायसवाल

गाजीपुर। भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व की सरकार द्वारा पारित यह बजट सिर्फ एक वित्तीय वर्ष का बजट नहीं बल्कि आगामी 25 वर्षों के अमृत काल का पहला बजट है। जिसमें देश की हर क्षेत्र मे क्षमता वृद्धि का प्रयास किया गया है। यह बात बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रविंद्र नाथ जायसवाल ने भाजपा व्यापार एवं बुद्धिजीवी वर्ग द्वारा जिला पंचायत हाल मे आयोजित अमृतकाल बजट संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सरकार की इस बजट मे उद्योगों के बढावा के साथ रोजगार वृद्धि प्रदान करने की पुरी व्यवस्था है। भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत हो,राष्ट्र समृद्ध हो,जन जन खुशहाल हो यह हमारी सरकारों का संकल्पित लक्ष्य है। कहा कि देश और प्रदेश कि सरकारों का लक्ष्य है कि प्रत्येक जनपदों मे मेडिकल कालेज की स्थापना हो। जिससे देश की पुरी आबादी को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

बजट में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की आधारशिला है: अनिल राजभर

मऊ। उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने जनपद मऊ के जिला पंचायत सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पेश किए गए आम बजट और उससे जुड़ी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। राजभर ने बताया कि अमृत काल का यह पहला बजट है जो पूरे भारत का अगले 25 वर्षों तक दशा और दिशा निर्धारित करता है। इस बजट में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की आधारशिला है। कुछ शिक्षाविदों और अर्थशास्त्रियों ने बताया कि यह बजट भारत को पांचवें स्थान से दुनिया के तीसरे सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में ले आने वाला बजट है। इस बजट में सभी वर्गों का खास ध्यान रखा गया है। स्वयं सहायता समूह के गठन के माध्यम से 200000 तक के सम्मान पत्र से आधी आबादी को ताकत प्रदान की गई है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना में 66% की वृद्धि करके आने वाले 2025 तक भारत में कोई भी बिना आवास के न रह जाए ऐसी व्यवस्था इस बजट में की गई है रक्षा बजट में भी बढ़ोतरी करके सरहद को सुरक्षित करने तथा भारत को आत्मनिर्भर बनने की तरफ अग्रसर किया गया है।

पूर्वांचल में चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए डॉ. संजय सिंह को मिला माटी सम्मान

मऊ। सामाजिक कार्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए शारदा नारायन हास्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डा संजय सिंह को दिल्ली में माटी ट्रस्ट के द्वारा माटी सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर शारदा नारायन हास्पिटल में मीडिया से बात करते हुए डा संजय सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने व उन्हे उचित चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के संबध में माटी ट्रस्ट द्वारा सम्मानित किया गया। इस सम्मान के माध्यम से और भी चिकित्सकों को ग्रामिण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रतिलोगो को जागरूक करने के लिए प्रेरणा मिलेगी। उन्होने बतया कि दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट एव भारतीय क्रिकेट बोर्ड अधिकारी विनीत सरन एवं माटी ट्रस्ट के चेयरमैन राम बहादुर राय ट्रस्ट के सचिव श्री आसिफ द्वारा सम्मान दिया गया। अंत में डा. संजय सिंह ने कहा कि एक चिकित्सक होने के नाते मेरा ये कर्तव्य है कि हम लोगो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करें और ग्रामिण क्षेत्रो में चिकित्सा सेवा का विकास करें जिसके लिए हम कटिबद्व है।



मशरूम उत्पादन व विपणन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

बलिया। जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत ग्राम पंचायत भरतपुरा की महिलाओं हेतु समाज कार्य विभाग द्वारा मशरूम उत्पादन व विपणन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अंग्रेजी विभाग के डॉ. नीरज कुमार सिंह ने किया। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की बात कही । कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं है। वह बहुत कुछ कर सकती है। मशरूम उत्पादन के प्रशिक्षक हरिशंकर वर्मा ने बताया कि मशरुम उत्पादन के माध्यम से महिलाएं आर्थिक रूप से सक्षम होंगी।

छुट्टा पशुओं से बर्बाद हो रही करंडा के किसानों की फसल, शिकायत के बाद भी नहीं दूर हो रही परेशानी

केटी न्यूज/गाजीपुर

छुट्टा पशुओं के लिए किसानों के खेत अब रात्रिकालीन चरागाह में परिवर्तित होने लगे हैं और किसान अपनी फसल को बर्बाद होते देख अपना माथा पीट सरकार को कोस रहे हैं। किसानों का कहना है कि लाख कवायद के बाद भी आज तक किसानों को छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने में सरकार पूरी तरह असफल रही है। बेबस किसान खेतों में अपनी लागत और मेहनत की गाढ़ी कमाई को छुट्टा पशुओं से नष्ट होते देख अपना माथा पीट रहे हैं। कहने को सरकार द्वारा छुट्टा पशुओं को पकड़ने का तुगलकी फरमान जारी होता रहता है, पर जमीनी हकीकत यह है कि गांवों के खेतों में आज भी छुट्टा पशुओं की भरमार है। रात्रि में इनके झुण्ड खेतों में घुसकर खड़ी फसलों को खाकर और रौंदकर नष्ट कर रहे हैं। किसान दिन रात मेहनत करके अपनी फसलों की रखवाली कर तो रहे हैं फिर भी भारी भरकम पशुओं का झुंड किसानो की मेहनत पर पानी फेर रहे हैं। सावधानी हटते ही हरी भरी फसल बबार्दी की भेंट चढ़ जा रही है।करंडा ब्लांक के कई दर्जन गांवों में छुट्टे आवारा पशुओं के आतंक से किसान परेशान हैं। छुट्टे आवारा पशुओं से फसलों की बबार्दी इस कदर चरम पर है कि दर्जन भर से ऊपर पशुओं के समूह देखे जा सकते हैं।

जानकारी के अनुसार बबार्दी से तंग गांव के अनेकों किसानों ने सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1076 पर काल करके शिकायत तो दर्ज कराया है परन्तु कोई संतोषजनक हल नहीं होने से किसान काफी चिंतित हैं। गौरतलब हो कि किसानों की कड़ी मेहनत और लागत किसी से छिपी नहीं है। खेती में अथक परिश्रम और मंहगी लागत बेकार होते देख सरकार के प्रति किसानों में रोष है।

परिषदीय स्कूलों की समग्र शिक्षा का मूल्यांकन व योजनाओं की हकीकत परखने पहुंची जांच टीम

रेवतीपुर के ताड़ीघाट कंपोजिट विद्यालय की जांच

गाजीपुर। परिषदीय स्कूलों की समग्र शिक्षा के मूल्यांकन के साथ ही शासन की ओर से चलाई जाने वाली विभिन्न तरह की योजनाओं की जमीनी हकीकत परखने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर पंडित गोविन्द बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान एवं शोध संस्थान प्रयागराज के रिसर्च आफिसर डॉ. अशोक कुमार द्विवेदी एवं डीएन मिश्रा के नेतृत्व में दो सदस्यीय टीम रिवर्स आफिसर गोविन्द बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान प्रयागराज से सीधे रेवतीपुर ब्लाक क्षेत्र अन्तर्गत ताड़ीघाट कम्पोजिट विद्यालय धमकी। इसके चलते महकमें में हडकंम्प मच गया। टीम के द्वारा निपुण लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि, कायाकल्प के तहत सभी 19 पैरामीटर्स, एमडीएम की गुणवत्ता आदि की बारिकी से जांच करना रहा। टीम के द्वारा सबसे पहले विद्यालय के अभिलेखों, परिसर ,शौचालय, पेयजल बूथ आदि का अवलोकन करने के साथ ही विभिन्न कक्षाओं में छात्रों की शैक्षणिक स्तर भापने के लिए उनसे किताब पढ़वाने के साथ ही श्यामपट्ट पर उनसे सवाल भी हल कराए। टीम ने छात्रों के संख्या के हिसाब से हैंडवाश यूनिट न होने पर नाराजगी जताई।

इसके बाद दो सदस्यीय टीम सीधे रेवतीपुर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पहुंची, जहां अभिलेखों की छानबीन किया गया। टीम ने 100 छात्राओं के सापेक्ष में 70 की ही उपस्थिति एवं आधे अधूरे अभिलेखों का लेखा-जोखा मिलने पर वार्डेन को फटकार लगाने के साथ ही नोटिस जारी कर उनसे जबाब मांगा। इसके बाद दो सदस्यीय टीम बीआरसी धमक पडी, जहां पूरे परिसर का निरीक्षण किया। इसके बाद अभिलेखों का एक- एक कर अवलोकन किया। टीम ने बीईओ से उनके द्वारा किए गये निरीक्षण के समय अध्यापकों पर किए गए विभिन्न कार्रवाई का ब्योरा देने का निर्देश दिया। टीम ने निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं से किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्देशित किया कि निपुण लक्ष्य, कायाकल्प के लक्ष्य को शत प्रतिशत हासिल किया जाए। साथ ही कहा कि एमडीएम की गुणवत्ता से किसी स्तर पर समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बेलहरी में बैनामा के लिए लगाए गए कैम्प का किया उद्घाटन, कहा

बलिया के विकास का मार्ग होगा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे

केटी न्यूज/बलिया



ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए कराए जा रहे बैनामा कार्य में किसानों की सुविधा के लिए बेलहरी ब्लॉक के मुड़ाडीह व बेलहरी में विशेष कैंप का आयोजन हुआ। कैंप का उद्घाटन परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह व जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने किया। मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा, किसानों की सुविधा का ख्याल सरकार ने हमेशा रखा है। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस -वे के लिए रजिस्ट्री आसानी से हो सके, किसान को कोई दिक्कत न हो, इसी उद्देश्य से यह कैम्प लगाया गया। इस एक्सप्रेस वे का लाभ किसानों को तो होगा ही, इसके किनारे उद्योग धंधे, अस्पताल सरकारी स्कूल आदि भी खुल सकेंगे। लोगों को रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य की अच्छी सुविधा मिलेगी। जनपद में जाम की समस्या से भी निजात मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रीनफील्ड का 80 प्रतिशत हिस्सा बलिया से होकर जाता है, लिहाजा बलिया का चहुंमुखी विकास स्वाभाविक है। इसके बन जाने से तमाम उद्योगपति बलिया में इन्वेस्ट करेंगे, जिससे यहां के लोगों को लाभ होगा। बताया कि बलिया में कई बाईपास भी बनेंगे। उन्होंने कहा कि बलिया की सब्जियां देश-विदेश तक भेजे जाने की पहल शुरू है। ऐसे में आवागमन सुगम होने से यह व्यापार और अच्छा होगा।

खुशहाली का एक्सप्रेस-वे होगा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वेः जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने कहा कि पहले पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, और अब इस ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के बाद हर बड़े बाजार की दूरी कम हो जाएगी और बलिया का हर क्षेत्र में विकास तेजी से होगा।